Wishing you a Happy New Year

संवाद

BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

जनवरी - 2017

सीईओ की कलम से

प्रिय उपभोक्ता,

आपको और आपके परिवार को नव वर्ष 2017 की हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि हम सब साल 2016 को विदाई दे रहे हैं, मुझे आपको यह बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि बीता हुआ वर्ष हमारे लिए रचनात्मक रहा तथा घटनाओं से परिपूर्ण रहा। हम ब्रेकडाउन और फॉल्ट्स में 21 प्रतिशत की कमी लाकर, बिजली की आपूर्ति को और बेहतर बनाने में कामयाब हुए। यह उपलब्धि तब हासिल हुई है, जबकि इस साल गर्मी और बिजली की मांग–दोनों में अप्रत्याशित तौर पर बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। बिजली की पीक डिमांड ने 1496 मेगावॉट के आंकड़े को छू लिया। बीवाईपीएल ने करीब 99.60 प्रतिशत यानी 7072 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति की, जबकि मांग 7097 मिलियन यूनिट थी। यह शॉर्टफॉल बाहरी कारणों तथा नेटवर्क की बाधाओं की वजह से रहा, जिसके प्रभावी समाधान के लिए हम अन्य स्टेकहोडल्सों से बात कर रहे हैं।

नेटवर्क की विश्वसनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से वितरण सिस्टम का मजबूतीकरण करने के अलावा, हमने 250 अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की भी योजना बनाई है। हम इन ट्रांसफॉर्मरों को लगाने हेतु आवश्यक जगह उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्टेकहोल्डरों के साथ संवाद कर रहे हैं।

अन्य मोर्चों पर भी बीवाईपीएल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष मीटर संबंधी शिकायतों में 8 प्रतिशत की कमी और बिलिंग संबंधी शिकायतों में 25 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में कंपनी के निरंतर प्रयासों की बदौलत 3000 किलोवॉट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनलों को ग्रिड से जोड़ा जा चुका है।

उपभोक्ता सेवाओं को और आसान तथा बेहतर बनाने की कोशिशों के तहत, बीवाईपीएल ने विभिन्न सेवाओं जैसे कि बिल भुगतान, नए कनेक्शन, स्ट्रीटलाइट शिकायत आदि के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया। निकट भविष्य में और भी सेवाएं इस ऐप के जरिए आपको हासिल होंगी जैसे कि बीवाईपीएल कर्मचारी की वैधता की जांच, निकटतम बीवाईपीएल ऑफिस की लोकेशन, आदि। ट्विटर और फेसबुक जैसे नए युग के मीडिया के माध्यमों से भी हमने इस वर्ष अपने सम्मानित उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई।

बिजली की चोरी उपभोक्ताओं के लिए बहुत नुकसानदायक व खतरनाक है। इससे सेक्टर को वित्तीय नुकसान होता है जिससे ईमानदार उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें बढ़ती हैं। इससे सुरक्षा को भी खतरा है, जिससे बचा जा सकता है। यह बिजली वितरण नेटवर्क पर गैरयोजनाबद्ध तरीके से लोड बढ़ाता है, जिससे ब्रेकडाउंस होते हैं और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। निजीकरण के बाद कंपनी के निरंतर प्रयासों की वजह से बिजली की हानि 63 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत पर आ चुकी है, लेकिन इस दिशा में अभी और भी प्रयासों की जरूरत है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप बिजली की चोरी के विरूद्ध एक सामाजिक अभियान चलाएं। मैं यह भी अनुरोध करूंगा कि अगर कहीं आपको बिजली की चोरी नजर आए, तो आप इसके फोटोग्राफ व विडियो 8588892156 पर हमें वॉट्सऐप करें।

हम अपने उपभोक्ताओं के लिए अपनी सेवाओं में और सुधार लाने को तत्पर हैं। हम हर वर्ष अपनी सेवाओं को अगले चरण में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। और, साल 2017 भी इस मामले में कोई अपवाद नहीं होगा।

एक बार फिर, आपको नव वर्श की हार्दिक शुभकामनाएं!

आपका,

पी. आर. कुमार

गो कैशलेस – अपने बिजली बिल को ऑन लाइन / मोबाइल ऐप से जमा करें

सुविधा.... कभी भी... कहीं भी... समय बचत

नेट बैंकिंग

मोबाइल / ई – वॉलेट

और भी बहुत कुछ

कृपया विजिट करें: www.bsesdelhi.com

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032

सीआईएनः U74899DL2001PLC111525

फोनः 011-399-97-111/399-99-273

ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com

वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

41999808 स्ट्रीटलाइट

8588892156 बिजली चोरी संबंधी

नवंबर में हुए संवाद क्विज के विजेता

संवाद न्यूजलेटर के नवंबर अंक में वर्णित पहले संवाद क्विज के विजेताओं के नाम घोषित कर दिए गए हैं। पूर्वी और मध्य दिल्ली के इलाकों से पांच – पांच यानी कुल 10 निम्नलिखित भाग्यशाली विजेताओं को सरप्राइज गिफ्ट्स मिलेंगे।

पूर्वी दिल्लीः 1. मनीष (सीए नंबर 100572808), 2. शिलवंत कुमार (सीए नंबर 151326995), 3. आशीष आनंद (सीए नंबर 151349546), 4. मोहम्मद इजाज (सीए नंबर 100646141), 5. राकेश कुमार (सीए नंबर 150549084)

मध्य दिल्लीः 1. मनीष कुमार (सीए नंबर 151689982), 2. योग्यता (सीए नंबर 150325825), 3. भुवनेश माहेश्वरी (सीए नंबर 151827966), 4. प्रीति गोयल (सीए नंबर 101213673), 5. राजेन्द्र सिंह यादव (सीए नंबर 150970776)

टेलीफोनः 399-99-808

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399–99–808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

एसएमएसः 5616108

टाइप करें–बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, NC (No Current) लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें (BSESYP—NC—CA No) और 5616108 पर भेज दें।

मोबाइल ऐप

www.bsesdelhi.com / Google Play से डाउनलोड करें। उसके बाद ऐप पर क्लिक करें, नौ अंकों वाला सीए नंबर डालें और सेवा का चयन कर अनुरोध / शिकायत दर्ज करें।

आपकी सेवा में 24X7 : 399-99-808, बिजली संबंधी काम के बदले अगर आपसे कोई रिश्वत मांगता है, तो फोन करें: 8010930719

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित